पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग को जनपद गौतमबुद्ध नगर तथा गाजियाबाद के लिए विशेष कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए

## जनपद गाजियाबाद एवं बुलन्दशहर में स्वास्थ्य विभाग की विशेष टीम भेजी जाएं

## सरकारी अस्पतालों के अलावा निजी चिकित्सालयों में भी ट्रूनैट मशीनें कार्यशील करने का स्पष्ट दिशा निर्देश जारी हो

## आर0टी0पी0सी0आर0 जांच विधि से टेस्टिंग क्षमता को 25 हजार टेस्ट प्रतिदिन से अधिक किया जाए

## आर0टी0पी0सी0आर0 जांच विधि, ट्रूनैट मशीन तथा रैपिड एन्टीजन टेस्ट को अपनाते हुए जांच क्षमता में व्यापक स्तर पर वृद्धि की जाए

## मेडिकल कॉलेजों की स्वास्थ्य सेवाओं की मॉनिटरिंग के लिए अलग से अधिकारी नामित किया जाए

## स्वास्थ्य विभाग के प्रत्येक चिकित्सालय में कोविड हेल्प डेस्क की स्थापना के निर्देश

## अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानों से प्रदेश में आने वाले यात्रियों की समुचित स्क्रीनिंग एवं क्वारंटीन व्यवस्था सुचारु बनाए रखें

## रेलवे स्टेशन तथा बस स्टेशन पर यात्रियों की नियमित स्क्रीनिंग की जाए

## सभी सार्वजनिक स्थानों पर साफ–सफाई के बेहतर प्रबन्ध के साथ–साथ सोशल डिस्टेंसिंग का कड़ाई से पालन कराएं

## खाद्यान्न वितरण के अन्तर्गत सामान्य वितरण तथा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के कार्य पर विशेष ध्यान दिया जाए

## टिड्डी दल के मूवमेंट पर निरन्तर नजर बनाए रखते हुए इसके नियंत्रण के लिए सभी आवश्यक प्रबन्ध किए जाएं

## जी0एस0टी0 कलेक्शन में वृद्धि के लिए प्रभावी प्रयास करें

**लखनऊ : 04 जुलाई, 2020**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने स्वास्थ्य विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग को जनपद गौतमबुद्ध नगर तथा गाजियाबाद के लिए विशेष कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि जनपद गौतमबुद्ध नगर तथा

गाजियाबाद में संक्रमण को नियंत्रित करने तथा उपचार व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए और अधिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री जी आज यहां अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्च स्तरीय बैठक में अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा है कि जनपद गाजियाबाद में स्वास्थ्य विभाग की विशेष टीम भेजी जाए, जो वहां कैम्प करे। यह टीम कोविड अस्पतालों की व्यवस्थाओं को बेहतर करते हुए संक्रमित रोगियों के स्वास्थ्य लाभ के सभी उपाय सुनिश्चित करें। उन्होंने जनपद बुलन्दशहर में भी इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग की विशेष टीम को भेजे जाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकारी अस्पतालों के अलावा निजी चिकित्सालयों में भी ट्रूनैट मशीन क्रियाशील रखने हेतु स्पष्ट दिशा निर्देश जारी किये जाय। आर0टी0पी0सी0आर0 जांच विधि से टेस्टिंग क्षमता को 25 हजार टेस्ट प्रतिदिन से अधिक किया जाए। उन्होंने आर0टी0पी0सी0आर0 जांच विधि, ट्रूनैट मशीन तथा रैपिड एन्टीजन टेस्ट को अपनाते हुए जांच क्षमता में व्यापक स्तर पर वृद्धि किए जाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों की व्यवस्थाओं को चुस्त–दुरुस्त बनाए रखा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि वरिष्ठ चिकित्सक नियमित राउण्ड लें। उन्होंने मेडिकल कॉलेजों की स्वास्थ्य सेवाओं की मॉनिटरिंग के लिए अलग से अधिकारी को नामित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी के तौर पर जनपदों में भेजे गए विशेष सचिव स्तर के अधिकारी कोविड चिकित्सालयों की व्यवस्थाओं की निरन्तर मॉनिटरिंग करते रहें।

मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिए कि कोविड अस्पतालों में भर्ती रोगी के परिजनों को, रोगी के स्वास्थ्य की नियमित रूप से जानकारी उपलब्ध कराई जाए। इसके लिए वॉर्ड इंचार्ज द्वारा मरीज के तीमारदार को रोगी के स्वास्थ्य की जानकारी टेलीफोन के माध्यम से प्रदान करने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के प्रत्येक चिकित्सालय में कोविड हेल्प डेस्क की स्थापना के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानों से प्रदेश में आने वाले यात्रियों की समुचित स्क्रीनिंग एवं क्वारंटीन व्यवस्था सुचारु बनाई रखी जाए। रेलवे स्टेशन तथा बस स्टेशन पर यात्रियों की नियमित स्क्रीनिंग की जाए।

मुख्यमंत्री जी ने संक्रमण के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए हर सम्भव सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मेडिकल संक्रमण से चिकित्साकर्मियों को सुरक्षित रखने के लिए इनके ट्रेनिंग कार्यक्रम पर निरन्तर ध्यान दिया जाए। पी0ए0सी0 वाहिनियों में संक्रमण के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी प्रयास जारी रखे जाएं।

मुख्यमंत्री जी ने सभी सार्वजनिक स्थानों पर साफ–सफाई के बेहतर प्रबन्ध के साथ–साथ सोशल डिस्टेंसिंग का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कन्टेनमेंट जोन में डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था का सुचारु संचालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को आवश्यक सामग्री की उपलब्धता के सम्बन्ध में कोई असुविधा न हो।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान संचालित किया जा रहा है। समस्त सम्बन्धित विभाग समन्वय बनाकर अभियान की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करें।

मुख्यमंत्री जी ने खाद्यान्न वितरण के अन्तर्गत सामान्य वितरण तथा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के कार्य पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वितरण कार्य को पारदर्शी ढंग से सम्पन्न करते हुए सभी जरूरतमंदों को खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने टिड्डी दल के मूवमेंट पर निरन्तर नजर बनाए रखते हुए इसके नियंत्रण के लिए सभी आवश्यक प्रबन्ध करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जी0एस0टी0 कलेक्शन में वृद्धि के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं।

इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री आर0के0 तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त श्री आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त श्री आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव सूचना एवं गृह श्री अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक श्री हितेश सी0 अवस्थी,

अपर मुख्य सचिव वित्त श्री संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव राजस्व श्रीमती रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री श्री एस0पी0 गोयल, अपर मुख्य सचिव एम0एस0एम0ई0 श्री नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री अमित मोहन प्रसाद, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा श्री रजनीश दुबे, अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास तथा पंचायतीराज श्री मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव कृषि श्री देवेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री श्री संजय प्रसाद, सचिव मुख्यमंत्री श्री आलोक कुमार, सूचना निदेशक श्री शिशिर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

————————

***PN-CM-Unlock Review Meeting-04 July, 2020.doc***